# प्रथम पी.यू.सी. प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, अगस्त 2026

समय : 1 घंटा 30 मिनट **हिन्दी** (03) कुल अंक : 40

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।
2. प्रश्नों की सही क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** 7x1=7

1) थाली उठाकर इसने पलट दी
i) श्रीकंठ सिंह ii) भूपसिंह iii) लालबिहारी सिंह iv) बेनीमाधव सिंह

2) असंभव को संभव बनानेवाली चीज़ यह है –
i) विश्वास ii) प्रेम iii) क्षमता iv) समर्पण

3) 'निन्दा रस' पाठ के लेखक ये है –
i) प्रेमचन्द ii) विवेकी राय iii) विष्णु प्रभाकर iv) हरिशंकर परसाई

4) कबीरदास के अनुसार इसकी जाति नहीं पूछनी चाहिए –
i) साधु की ii) मित्रों की iii) विद्वानों की iv) लोगों की

5) सीताजी का मन यहाँ भाया –
i) वन में ii) कुटिया में iii) प्रकृति में iv) राजभवन में

6) पत्थर तोडती नारी के रंग ऐसा था –
i) गोरा ii) काला iii) साँवला iv) सुनहरा

7) गंदी कोठरी में बालक को खाने केलिए यह मिला –
i) सेब का टुकड़ा ii) लड्डू iii) पराठे का टुकड़ा iv) रबड़ी

**आ. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** 3x1=3
**(ऐसी, पूँजी, शनिवार)**

8) श्रीकंठ सिंह .......... को घर आया करते थे ।

9) बड़े घर की बेटियाँ .............. ही होती हैं ।

10) निन्दा कुछ लोगों की ........... होती है ।

**इ. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** 3x1=3

11) क) कल्लोल करना — i) आलिंगन करना
ख) बेईमानी करना — ii) शोर मचाना
ग) गले लगाना — iii) धोखा देना

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 2x3=6

12) बेनीमाधव सिंह के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

13) शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते हैं ?

14) निन्दकों के संघ के बारे में लिखिए ।

**आ) निम्नलिखित में से किसी एक का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **1x3=3**

15) उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो।

16) 'यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1x2=2**

17) समय के सदुपयोग के बारे में कबीर क्या कहते हैं ?

18) जीवन की नश्वरता के बारे में कबीर क्या कहते हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1x2=2**

19) 'कुटिया में राजभवन' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

20) कवयित्री ने जीवन के सम्बन्ध में क्या कहा है ?

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

21) मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

22) श्मशान ने आह भरकर पहाड़ी से क्या कहा ?

23) पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **2x1=2**

24) i) आनंदी अपने नये घर में आया।

ii) ऐसी मौके पर हम अक्सर अपने पुतले को अंकवार में दे देते हैं।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **2x1=2**

25) i) आनंदी एक बड़े उच्च कुल की लड़की थी। (वर्तमान काल)

ii) पुलिस लोगों की रक्षा कर रही है। (भूतकाल)

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **2x1=2**

26) i) पति ii) हाथी

**ई) अन्य वचन रूप लिखिए :** **2x1=2**

27) i) कविता ii) थाली

*****